एक नजर

आठ जुआरियों से 64 हजार रुपए बरामद

इंदौर, 5 फरवरी। पुलिस ने देर रात सूनी जगह पर घेराबंदी कर छापामारा। वहां शहर व देहात के रहने वाले आठ लोग ताश पत्तों से जुआ खेलते पकड़े गए। शिप्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फॉर्च्यून सिटी के पास बिजली के खंबे के नीचे सरेआम जुआ चल रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर छापा मारा तब वहां से गोपाल पिता मुकुट गुर्जर व कमल पिता विष्णु पटेल (30), किशोर पिता बाबूलाल बलाई (30), मनोज पिता तेजराम खाती (35) सभी निवासी बालगढ़ जिला देवास, तकेसिंह पिता कालू सिंह सुनेर (42) निवासी ग्राम अरडिया लसूडिया इंदौर, शाकिर पिता सब्बीर शेख (35) निवासी संजय नगर औद्योगिक क्षेत्र देवास, मनोज पिता रामसिंह लोधी (32), पुंजराज पिता सत्यनारायण चौधरी (41) दोनों निवासी भौरांसा देवास को ताश के पत्तों से हार-जीत कर जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से 64 हजार 600 रुपए जब्त किए गए। कल सुबह सभी आरोपियों को शिप्रा थाने ले जाकर उनके खिलाफ जुआ एक्ट में कार्रवाई की गई।

ढाबे से घर के लिए निकला और कुएं में मिली लाश

इंदौर, 5 फरवरी। एक युवक घर से ढ़ाबे पर पार्टी मनाने के लिए निकला था और ढ़ाबे से घर के लिए निकला पर घर नही पहुंचा और उसकी लाश कुए में पड़ी मिली। घर से पार्टी में गये युवक की लाश कुएं में पड़ी मिली। खुड़ैल पुलिस को सूचना मिली थी कि क्रीसेंट वॉटर पार्वस रोड के पास कुएं में एक युवक का शव पड़ा है। इस पर पुलिस वहां पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की शिनाख्त राजेन्द्रसिंह के रूप में हुई। पुलिस को जांच में पता चला कि राजेन्द्र घर पर क्रीसेंट वॉटर पार्वस के सामने स्थित गुरूकृपा ढाबे पर पार्टी में जाने का कहकर निकला था पर वापस नहीं लौटा। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

घर के सामने से कार चोरी

इंदौर। जूनी इंदौर के नंदनवन में रहने वाले शाबिर हुसैन के घर के बाहर खड़ी आई-20 कार अज्ञात बदमाश ले उड़े। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

10 हजार का इनामी शराब तस्कर गिरफ्तार

(नगर प्रतिनिधि)

इंदौर, 5 फरवरी। क्राइम ब्रांच की टीम ने शराब तस्करी में 10 माह से फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया । आरोपी मध्य प्रदेश सहित गुजरात व राजस्थान में शराब की अवैध रूप से करता था तस्करी।

क्राइम ब्रांच के एएसपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी सुनील उर्फ मंटू पिता रामगोपाल पाटीदार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम गवली पलासिया महू है। सुनील बड़े शराब माफियाओं से जुड़ा हुआ है। यह कई बड़ी कंपनी और शराब माफियाओं के लिए प्रतिबंधित राज्यों में अवैध रूप से ट्रकों व अन्य लोडिंग वाहनों में शराब की डिलीवरी करता है। कुछ दिनों पूर्व गौतमपुरा में पिंटू जायसवाल के साथ कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था, उसमें भी आरोपी सुनील की भूमिका थी। आरोपी ने कबूला कि उसने गुजरात राजस्थान व अन्य कई प्रतिबंधित स्टेट मैं शराब की अवैध रूप से डिलीवरी दी है। इससे लिंक अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है। शराब के लिए प्रतिबंधित राज्य गुजरात और राजस्थान मैं अवैध रूप से शराब की डिलीवरी करने वाले एक बड़े तस्कर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और क्राइम ब्रांच को इसकी तलाश थी।

200 करोड़ के राजस्व वसूली का था लक्ष्य , 50 करोड़ ही वसूल कर पाए

जारी किए नोटिस, फिर चलेगा अभियान

(नगर प्रतिनिधि)

इंदौर, 5 फरवरी। जिला प्रशासन राजस्व वसूली में पिछड़ा हुआ है और वसूली के लिए अब जल्दी ही अभियान चलाया जाएगा। वसूली का लक्ष्य 200 करोड़ रखा गया था जिसे अमला आधा पर पूरा नहीं कर पाया। उसने अब तक 50 को करोड़ ही वसूल पाया है।

सीएस की पिछली समीक्षा के समय मिले 200 करोड़ के राजस्व वसूली के लक्ष्य को लेकर अधिकारियों ने पुराने मामले निकालकर वसूली पर जोर दिया, फिर भी जिला 50 करोड़ के लगभग ही वसूली कर पाया है। अब लक्ष्य को लेकर आज तक की वसूली तक को जोड़ने के बाद भी 200 करोड़ का राजस्व जुटाने में पसीना छूटने लगा है। वसूली को लेकर अधिकारियों ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के यहां यदि छोटी दुकान भी संचालित की जा रही है तो उन पर धारा 59 या 69 के तहत मामला दर्ज कर नोटिस जारी कर वसूली का काम शुरू कर दिया है। नोटिस के साथ ही तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक पूरे समय यहां वहां आवास व व्यावसायिक उपयोग देखते फिर रहे हैं। खेत में यदि कोई झोपड़ी भी बन गई तो उसे नोटिस जारी कर जमीन का उपयोग बगैर अनुमति के बदलकर उपयोग करने का नोटिस देकर वसूली करने में अमला जुट गया है। कल पूरा दिन एसडीएम तहसीलदारों के साथ बैठकर जुटाई गई जानकारी के आधार पर नोटिस गणना के अनुसार तैयार करते नजर आए। आज से नोटिसों का वितरण करने के बाद तीन दिन के अंदर वसूली का काम शुरू कर दिया जाएगा। संभागायुक्त के निर्देश पर नजूल भमियों को लेकर की जाने वाली जांच में भी तेजी आई है। जिन जगहों की लीज का नवीनिकरण होना है उनके प्रकरण तैयार कर लिए गए हैं। लीज वसूली में भी प्रशासन ने लक्ष्य को लेकर तेजी से काम किया है। सूत्रों का कहना है कि सीएस का दौरा अचानक ही होने की संभावना के चलते वसूली पर जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर ने पहले तो अधिकारियों को ढील दे दी थी कि अभी अन्य काम छोड़कर हेल्पलाइन के मामले देखें, उसके बाद वसूली पर ध्यान दें। नजूल मामलों में अनदेखी के बाद संभागायुक्त की फटकार के चलते काम शुरू किया गया था। अब समीक्षा बैठक के भय से वसूली की जाने लगी है।

लठ से पीट-पीट कर भाई की हत्या

परिवार के लोग गए थे कलश यात्रा में

(नगर प्रतिनिधि)

इंदौर, 5 फरवरी। आजाद नगर इलाके में लठ से पीट-पीट कर बड़े भाई की हत्या कर दी गई। घटना के दौरान परिवार के सदस्य कलश यात्रा में गए हुए थे। हमले के बाद गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचे घायल की कुछ देर बाद मौत हो गई, हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आजाद नगर इलाके के अजय बाग कॉलोनी में रहने वाले संजय पिता राम पाल (50) को कल शाम करीब पौने सात बजे गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लाया गया था। उसके सिर व शरीर पर ठोस व बोथरे हथियार से मारपीट से अनेक चोटें लगी थी। उसे तत्काल आईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया मगर देररात उसने दम तोड़ दिया। साथ आए परिजन के अनुसार संजय पर ये जानलेवा हमला उसके सगे छोटे भाई ने विजय ने किया था। दोनों के बीच रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य किसी कलश यात्रा में शामिल होने के लिए गए हुए थे, तब आरोपी ने घर में ही विवाद करते हुए हमला कर डाला था। देररात अस्पताल से संजय की मृत्यु की सूचना दिए जाने पर आजाद नगर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर पूरी घटना की गहराई से पड़ताल शुरू की है।

चाकू सहित पकड़ाया

इंदौर। पुलिस ने चाकू सहित युवक को पकड़ा। खुड़ैल पुलिस ने नायता मुंडला रोड से राजेन्द्र उर्फ राजेश पिता नवलसिंह निवासी खरगोन को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने एक चाकू जब्त किया। आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है।

नाबालिग हुई लापता

इंदौर। एक नाबालिग युवती अचानक घर से लापता हो गई। मांगलिया निवासी नाबालिग युवती अचानक बिना बताए कही चली गई। परिजन उसे तलाशते हुए थाना पहुंचे थे। पुलिस ने अज्ञात पर अपहरण का मामला दर्ज किया है।

सूने घर से हजारों का माल उड़ाया

इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के पटेल नगर में रहने वाले विपिन पटेल के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े। इधर, आईटी पार्वस चौराहे के पास से अज्ञात बदमाश मो. नाजिद खान का मोबाइल चुरा ले गया। वहीं मैरिज गार्डन से चोर जेवरातों से भरा पर्स चुरा ले गये। द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि पुखराज गार्डन में पहुंचे सचिन शर्मा की पत्नी का पर्स टेबल से अज्ञात बदमाश चुरा ले गया। पर्स में चार मंगलसूत्र, तीन जोड़ी टॉप्स, मोबाइल व नगदी रखे थे।

वक़्फ बोर्ड चेयरमैन ने किया अचानक इंदौर दौरा

(नगर प्रतिनिधि)

इंदौर, 5 फरवरी। वक़्फ बोर्ड चेयरमैन शौकत मोहम्मद खान व सीईओ ने अचानक इंदौर पहुँच कर सबको चौका दिया । काफी अरसे से उनके इंदौर आगमन के कयास लगाए जा रहे थे इसीबीच अपनी टीम और सीईओ के साथ वो इंदौर दौरे पर पहुँचे ।

वक़्फ बोर्ड की कमान संभालने के साथ ही उन्होंने सबसे पहले वक़्फ बोर्ड की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों और लीज नियमो के हो रहे उल्लंघनों पर लगाम कसी,शौकत खान ने खजराना दरगाह पहुँच कर चादर पेश की और 14 फरवरी से शुरू हो रहे उर्स की तैयारियों का जायजा लिया,साथ ही स्वच्छता बनाये रखने के लिए विशेष निर्देश भी दिए । दरगाह पहुचने के पहले वे भाजपा नेता नासिर शाह के घर पहुँचे विगत दिनों नासिर शाह के माता पिता का इंतकाल हो गया था। इसी बीच पूर्व दरगाह सदर नवाब खां पठान के घर पहुँचे। शायर मिजाज शौकत खान और अन्य लोगो के बीच कुछ शेरो शायरियों का दौर चला जहाँ इशारो इशारो में वे काफी संकेत दे गए,विदित है नई दरगाह कमेटी जी गठित हुई है इसमे इन्ही के दस्तखत है,उक्त कमेटी में सबकुछ ठीक नही चल रहा साथ ही पूर्व सदर से भी कुछ नाराजगी दिखाई दे रही थी।

शौकत खान ने दोनों सदरो को मिलवाया और साथ मे काम करने की बात कही । शौकत खान का काम करने का अंदाज भी काफी निराला है,सबको साथ लेकर चलना उनका पुराना अंदाज है । वक़्फ बोर्ड चेयरमैन का सीईओ के साथ इंदौर दौरा समाज की राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है कई उलटफेरो के कयास लोग लगा रहे है। शौकत खान के साथ इस दौरे में सैय्यद शाहिद अली,अन्नू पटेल,वाहिद अली,सलीम पठान,महफूज पठान,नासिर शाह,अजगर पटेल,इम्तियाज मेमन और फहीम खान और अन्य साथी साथ थे।

घर में सो रहे युवक के पेट में घोंपा चाकू

घायल की हालत गंभीर, हमलावर की तलाश जारी

(नगर प्रतिनिधि)

इंदौर, 5 फरवरी। देररात घर में घुसा कोई अज्ञात बदमाश एक युवक पर जानलेवा हमला कर भाग खड़ा हुआ, घायल चीखता चिल्लाता बाहर निकला तब उसका रिश्तेदार गंभीर हालत में उसे लेकर अस्पताल पहुंचा। घटना के एक दिन बाद भी आरोपी का खुलासा नहीं हो सका जबकि घायल की हालत चिताजनक बताई गई है।

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार गुरूकुल स्कूल के सामने श्रद्धासबुरी कालोनी में रहने वाला मोहन पिता रक्षसिंह (30) विगत 3 फरवरी की रात साढ़े दस बजे अपने रिश्तेदार प्यारसिंह पिता रूप सिंह (35) को गंभीर हालत में लेकर जिला अस्पताल पहुंचा था, प्यारसिंह के पेट में चाकू से घातक वार किया गया था। वारदात के एक दिन बाद कल रात तक घायल प्यारसिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। मोहन ने कल सुबह 3.30 बजे थाने जाकर घटना की सूचना दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि 3 फरवरी की रात मोहन व प्यारसिंह अपने घर में दो अलग अलग कमरों मे सो रहे थे।

देररात प्यारसिंह चिल्लाते हुए कमरे से बाहर आया व बताया कि उसे जान से मारने की नीयत से किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से प्यार सिंह के पेट मे घातक वार कर दिया था। घायल के पेट से अत्यधिक खून निकलता देख मोहन व कुछ अन्य लोग उसे तत्काल अस्पताल लेकर गए थे। इस कारण से मोहन व पड़ोसी हमला कर फरार हुए अज्ञात आरोपी का पीछा तक नहीं कर सके थे। घटना के बाद काफी देर तक उपचार नहीं मिल सका था, इसी कारण से घायल प्यारसिंह की हालत काफी नाजुक होना बताई गई है। द्वारकापुरी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ के दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

सिरफिरों ने कार व बाइक में लगाई आग

(नगर प्रतिनिधि)

इंदौर,5 फरवरी। कल रात सिरफिरे बदमाशों ने जयहिंद नगर में कार व बाइक में आग लगा दी। आगजनी में बाइक पूरी तरह जल गई जबकि कार पर कवर था तो उसका कुछ हिस्सा आग की चपेट में आकर जल गया।

जानकारी के अनुसार जयहिंद नगर में रहने वाले राकेश प्रजापत ने बताया कि उसने अपनी बाइक रात में घर के बाहर खड़ी की थी। इस दौरान कोई अज्ञात बदमाश उस पर एसिड डाल गया। जिससे बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पास में रहने वाले हार्डवेयर व्यापारी रामकुमार गौर के घर के परिसर में ढंककर रखी कार पर भी एसिड डाल दिया, जिससे वह भी थोड़ी जल गई। मामले में पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम पूर्व में सिद्धेश था, अब उसने पूर्व नाम सिद्धेश को पूर्ण रूप से त्याग कर उसके स्थान पर नया नाम सिद्धेश जैन रख लिया है अतः मेरे पुत्र को अब सिद्धेश जैन के नाम से जाना जाए। सूचित हो।

सूचनाकर्ता

पूजा जैन
08 रावटीवाला अपार्टमेंट
दो बत्ती रतलाम 457001
मो. 8889833303

नाम परिवर्तन

शादी से पूर्व मेरा नाम कु. स्मिता खंडेराव चवाथे पिता श्री खंडेराव चवाथे (पुराना नाम) था। शादी के बाद मेरा नाम श्रीमती स्मिता प्रहलाद सांरगधर पति श्री प्रहलाद सांरगधर हो गया है। अतः मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। निवासी 96, गोयल विहार इंदौर म.प्र.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **बसंत कुमार गौर** था। जो अब परिवर्तित होकर **बसंत गौर** हो गया है। अतः अब भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जावे।

बसंत गौर
9-B, अंकुर आंगन, निपानिया रोड, इन्दौर

SHREE PACETRONIX LIMITED
Regd. Off.: Plot No. 15, Sector II, Industrial Area Pithampur, District Dhar (M.P) 454775
pacetronix@hotmail.com, Phone-07292-411105
CIN- L33112MP1988PLC004317

NOTICE

Notice pursuant to Regulation 29(1)(a) read with regulation 47(1)(a) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation 2015, is hereby given that a Meeting of the Board of Directors of the Shree Pacetronix Limited will be held at the Registered Office of the Company at Plot No. 15, Sector II, Pithampur, District Dhar (M.P.) – 454775 on Tuesday, 13th February, 2018 at 3.00 P.M. to consider and approve Unaudited Quarterly and year-to-date Standalone Financial Results for the Quarter ended 31st December, 2017 along with other than regular business.

This intimation is also available on the website of BSE Limited (www.bseindia.com) and shall also available on the website of Company (www.pacetronix.com).

For, SHREE PACETRONIX LIMITED
SD/-
ATUL KUMAR SETHI
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00245685

Place: Pithampur
Date : 05.02.2018

भूतपूर्व छात्रों और शिक्षकों ने एक स्वर में लिया महासंकल्प

बायपास स्थित मेहता परिसर में एकत्रित हुए 50 वर्ष पुराने विद्यार्थी और शिक्षक

श्री दयानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
पूर्व छात्र संघ
समा
४ फरवरी २०१८

इन्दौर। यह एक अपने तरह का अभिनव और अनुठा आयोजन था, जिसमें वर्षों बाद मिले एक शैक्षणिक संस्थान के भूतपूर्व छात्रों और शिक्षकों ने एक दूसरे के प्रति स्नेह, दुलार और आत्मीयता दिखाने के साथ ही एक स्वर में उत्साह के साथ संकल्प लिया कि वे सभी मिलकर तन, मन और धन से अपने विद्यालय को पुनः उसी गरिमा और वैभव के साथ शिखर पर ले जाएंगे जो कभी इसकी विशिष्ट पहचान रही।

मौका था बायपास रोड स्थित मेहता परिसर पर आयोजित 50 वर्ष से अधिक पुराने श्री दयानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्रसंघ का मिलन समारोह। एक ओर सर्वश्री प्रकाश सोलापुरकर, जड़ावचंद जैन, सुश्री शोभा पेठणकर, गोविन्द गर्ग जैसे वरिष्ठ शिक्षक थे तो दूसरी ओर संदीप भालेराव, नरेश वसाईनी, विनय सुपेकर, स्वामी ध्यान आलोक, करणीसिंह शक्तावत, हितेश भिसे, पराग लोंढे, युवराजसिंह चौहान जैसे पूर्व छात्र थे।

इस मौके पर 70 के दशक के शिक्षक और संघ प्रचारक श्री प्रकाश सोलापुरकर ने कहा कि स्व. शशिकांत शेंदुर्णीकर, सतीश त्रिवेदी जैसे कर्मयोगियों ने अपनी शक्ति-सामर्थ्य और समर्पण भाव से 1963-64 में श्री दयानंद विद्यालय की स्थापना की थी, आज तो हमारी तादाद हजारों में है। अतः हम तो अब इस संस्थान को और भी बड़े स्तर पर लम्बे-चौड़े परिसर में विशाल भवन बनाकर खड़ा कर सकते हैं। हमे अपना विजन बड़ा रखना चाहिए। इस मौके पर श्री दयानंद शिक्षण समिति से जुड़े डॉ. बी.पी. मिश्रा,विनोद गुप्ता, प्राचार्य सुनील अग्रवाल, अक्षय सोड़ानी सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। पूर्व शिक्षक जड़ावचंद जैन ने कहा कि उस दौर में अभाव में भी प्रभाव था। वही दौर पुनः आ सकता है। आज धन देने वालों की कमी नहीं है। हम हर सप्ताह चारो दिशाओं में फैले छात्रों और शिक्षकों से मिले और अपनी कार्ययोजना रखे। श्री दयानंद शिक्षण समिति के अध्यक्ष एवं चिंतक कृष्णकुमार अष्ठाना ने कहा कि मैं इस विद्यालय से 35 वर्षों से जुड़ा हूँ। सामूहिक शक्ति से क्या कुछ नहीं हो सकता। एक विद्यालय के भूतपूर्व छात्र अपने संस्थान को पुनः वैभव दिला सके। इससे बेहतर आचार्य ऋण और क्या होगा। अब हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आज से ही भिड़ जाना होगा।

अतिथि स्वागत आशु जोशी, अजय नाकानी, आनंद भट्ट, लक्की छाबड़ा, अनिल प्रेमचंदानी, टेकचंद वसानी, मोहनसिंह घाणा ने किया। कार्यक्रम का संचालन पराग लोंढे ने किया और आभार माना नरेश वसाईनी ने।

GORANI INDUSTRIES LIMITED
Regd. 32-33, Sector-F, Sanwer Road, Indore (M.P.), CIN:- L28121MP1995PLC009170
website- goraniindustries.com email-id- gorani.industries@yahoo.com
Telephone No.- 0731-2723201 Fax- 2723200
Unudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2017
(RS. IN LAKHS except EPS)

S. No.	Particulars	Quarter Ended		Nine Months Ended
		31.12.2017	31.12.2016	31.12.2017
1	Total Income from Operations	711.60	227.13	1500.32
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items#)	27.65	27.44	68.11
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	27.65	27.44	68.11
4	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#)	27.65	27.44	68.11
5	Total Comprehensive Income for the period [comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)]	27.65	27.44	68.11
6	Equity Share Capital	506.13	506.13	506.13
7	Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the balance sheet of the previous year	-	-	-
8	Earnings per share (in Rs.) (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinoued operations): (a) Basic (b) Diluted	0.51	0.50	1.25

Note:

A. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Website www.bseindia.com and on the Company' s Website www.goraniindustries.com.

B. The impact on net profit/(Loss), total comrehensive income or other relevant financial items due to changes in accounting policies shall be disclosed by means of a foot note: N.A.

C. # - Exceptional items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with Ind-AS Rules.

Note : The Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31.12.2017 have been reviewd by the Statutory Auditors as required under Regulations 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requiremenrs) Regulations, 2015. Figures for the quarter and Nine Months ended 31.12.2016 as per GAAP (Previosly reported) have been restated as required in terms of Ind-AS for the purpose of these results and have also been reviewed by the Statutory Auditors.

Anil Gorani
Whole Time Director
DIN: 00055540
Place: Indore
Date: 05-02-2018

For & On Behalf of the Board
Sanjay Gorani
DIN:00055531